माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – examcontroller@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 823 / गोपनीय / एम0एस0यू0 / 2022–23 दिनांकः 02/11/2023

कार्यालय ज्ञाप

विश्वविद्यालय के क्रमशः पत्र सं0: 548 / गोपनीय / एम0एस0यू0 / 2023–24 दिनांकः 02.10.2023 एवं पत्र सं0: 738 / गोपनीय / एम0एस0यू0 / 2023–24 दिनांकः 19.10.2023 द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थानों को अपने अपने विद्यार्थियों के आन्तरिक अंक अपलोड करने एवं प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराने के निर्देश दिये गये थे, किन्तु अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा अपने विद्यार्थियों के आन्तरिक एवं प्रयोगात्क परीक्षा के अंक अपलोड नहीं किये गये, जिससे शासन के निर्देशानुसार निर्गत की गई शैक्षिक कैलेण्डर का अनुपालन सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है। मा0 कुलपति जी द्वारा यह आदेश प्रदान किये गये हैं कि जिन महाविद्यालयों द्वारा आन्तरिक एवं प्रयोगात्क परीक्षा के अंक अपलोड कर दिये गये हैं, उनका परीक्षाफल घोषित कर दिया जायें।

अतः मा0 कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में एतद्द्वारा माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर के B.Sc. (NEP)-2023 के चतुर्थ सेमेस्टर कॉलेज कोड – 102,115,126,160,167,171,177,183,200,402,405,409,532,701,721,730, 553,575 की परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://msuresults.com पर दिनांक 02.11.2023 से उपलब्ध रहेंगे।

भवदीय,

2.XI.23

(अरूण कुमार यादव)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ / आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. प्राचार्य / प्राचार्या समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।
3. परीक्षा समन्वयक, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
4. समस्त संपादक, समस्त सामाचार पत्रों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उपर्युक्त आदेश / विज्ञप्ति को अपने समाचार पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
5. प्रेस प्रवक्ता, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर को दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने हेतु प्रेषित।
6. अधिकृत एजेंसी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. सहायक कुलसचिव गोपनीय / परीक्षा विभाग / परीक्षा समिति के अनुमोदनार्थ।
8. गार्ड फाईल।

2.XI.23

(अरूण कुमार यादव)
परीक्षा नियंत्रक